Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 30-04-2007
Participants : Patil Smt. Rupatai Diliprao Nilangekar

Title: Need to set up more Kendriya Vidyalayas in various parts of the Country.

श्रीमती रूपाताई डी. पाटील (लातूर) : माननीय अध्यक्ष महोदय. मैं आपकी आभारी हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विाय पर बोलने की अनुमति प्रदान की है। देश के कतिपय राज्यों, विशोकर महाराट्र के कई जिलों में केन्द्रीय विद्यालय नहीं हैं जिससे वहां रहने वाले मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिल पा रही है। मैं विशोकर अपने जिले लातूर के बारे में कहना चाहती हूं क्योकि मैं इसी जिले से सांसद हूं। महाराट्र में लातूर शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम है क्योंकि उच्चवर्गीय परिवार के लोग अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में पढ़ा सकते हैं जो अच्छी शिक्षा दे सकते हैं लेकिन मध्यम वर्गीय परिवार एवं निचले तबके

---

* Not recorded

के लोग अपने बच्चों को गुणावत्ता की शिक्षा उपलब्ध नहीं करा पाते हैं, कारण उनके पास इतना पैसा नहीं होता है कि वे अपने बच्चो को निजी विद्यालयों में पढ़ा सकें। अच्छी शिक्षा दिलाने के लिये केन्द्रीय विद्यालय ही एक उपाय है जहां उत्कृट शिक्षा मिल सकती है।

अध्यक्ष महोदय, लातूर के अनेक क्षेत्रों में केन्द्रीय विद्यालय न देकर उसके साथ सरकार ने अन्याय किया है। सरकार प्रतिर्वा सभी सांसदों को अपने क्षेत्र से दो छात्रों को केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश देने के लिये कूपन देती है और इसी र्वा भी सांसदों को दो कूपन भेज दिये हैं, जहां केन्द्रीय विद्यालय हैं। मैं सरकार से जानना चाहती हूं कि क्या कारण है कि जिन क्षेत्रों में केन्द्रीय विद्यालय नहीं हैं और अपने क्षेत्र के मध्यमवर्गीय और निचले तबके के लोग जो बड़े शहरों में कार्यरत हैं - जैसे पुणे, औरंगाबाद और मुम्बई - जो लोग निजी विद्यालयों में अपने बच्चों को नहीं पढ़ा सकते हैं, ऐसे उन विद्यार्थियों को पास के जिलों में प्रवेश के लिये क्यों नहीं प्रावधान किया जा सकता है? मैं मानव संसाधन विकास मंत्री श्री अर्जुन सिंह से से अनुरोध करना चाहती हूं कि सभी सांसदों के लिये देश के किसी भी केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिये छूट दी जाये। इसके साथ ही मेरे क्षेत्र लातूर में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की घोाणा करे। लातूर ऐसा क्षेत्र है जहां से पूर्व लोक सभा अध्यक्ष और वर्तमान गृह मंत्री श्री शिवराज पाटील और महाराट्र के वर्तमान मुख्य मंत्री श्री विलासराव देशमुख आते हैं। इसलिये मैं मानव संसाधन विकास मंत्री श्री अर्जुन सिंह जी से मांग करूंगी कि कि मेरे संसदीय क्षेत्र लातूर में इसी सत्र से केन्द्रीय विद्यालय खोलने की घोाणा करे...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : क्या अपने क्षेत्र के लिये यह काम नैशनल इम्पार्टेंस का हो गया है?

श्रीमती रूपाताई डी. पाटील : मेरी मांग है कि लातूर के लिये दो कूपन मिलने चाहिये, यही मांग करती हूं। मैं आपसे यह भी कहना चाहती हूं कि जब भी हम महत्वपूर्ण विाय उठाते हैं तो आप बैल बजाने लगते हैं...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मैं आपसे माफी मांगता हूं। मैं अपनी सीट पर आपको बैठा देता हूं तो आप करिये। आप सुमित्रा जी से पूछिये कि क्या होता है? आप नाराज मत होइये, मैं माफी मांगता हूं।[s20]

MR. SPEAKER: Think of a person who is being punched from left, right and centre. What to do?

SOME HON. MEMBERS: Not from the Left! … (*Interruptions*)